न्यायालय लैण्ड रेकर्ड ओफिसर (एस.डी.ओं.) सिरोही राज.

कमांक: कोर्ट/2020/ 4681 दिनांक: 30–12–2020

राजस्व प्रा. पत्र संख्या...157.../2020

प्रेषित:–

तहसीलदार
सिरोही

उपतहसीलदार कालन्द्री तहसील सिरोही द्वारा जरिये पत्र कमांक भू.अ./2020/623 दिनांक 28.12.2020 के सलंग्न प्रार्थी ओबाराम पुत्र वनाजी पुरोहित निवासी तंवरी के प्रार्थना पत्र व प्रार्थी के संयुक्त खातेदारी की कृषि आराजी मौजा फासरिया पटवार मण्डल तंवरी की चालू जमाबन्दी संवत् 2072–2075 के खसरा नम्बर 16 रकबा 0.72 हैक्टेयर खाता संख्या नया 117, प्रार्थी ओबारगम पुत्र वनाजी पुरोहित निवासी तंवरी का प्रार्थना पत्र दिनांक 1.12.2020 मय पटवार हल्का तंवरी जॉच रिपोर्ट दिनांक 15.12.2020, पुरानी जमाबंदी संवत 2049–2052 खाता संख्या 37 आधारकार्ड की प्रति तथा शपथ पत्र पेश कर प्रार्थी ने अपना नाम शुद्व करने का निवेदन किया है। पटवारी हल्का तंवरी की जांच रिपोर्ट एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार ग्राम तंवरी की जमाबंदी संवत् 2071–2074 जमाबंदी 2075 के नया खाता सं 288 ओबाराम पुत्र वना जाति राजगर ब्राहम्ण सा. देह खातेदार के नाम से दर्ज है जो कि प्रार्थी का वास्तविक नाम है तथा ग्राम फासरिया की जमाबंदी संवत् 2072–2075 खाता संख्या नया 117, खसरा नं. 16 रकबा 0.72 हैक्टेयर ओपा पुत्र वनाजी जाति पुरोहित सा. तवरी खातेदार के नाम से दर्ज है। प्रार्थी का सही व वास्तविक नाम ओबाराम पुत्र वनाजी है। उसके अन्य दस्तावेजो यथा आधार कार्ड तथा शपथ पत्र में भी प्रार्थी का नाम (सही) ओबाराम पुत्र वनाजी ही है। ओपा व ओबाराम एक ही व्यक्ति है। इन नामों का अन्य कोई व्यक्ति ग्राम तंवरी में नहीं है। इस प्रकार वर्तमान जमाबंदी संवत् 2072–2075 के खाता संख्या नया 117 में प्रार्थी का नाम ओपा के स्थान पर ओबाराम दर्ज करने की शुद्वि करना उचित है। हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय उक्त वर्धित दस्तावेज प्रतियों व पटवारी हल्का तंवरी की जांच रिपोर्ट तथा उपतहसीलदार कालन्द्री की उक्त अनुशंषा रिपोर्ट का गहनतापुर्वक अवलोकन कर उस पर मनन कर विवेचन के उपरान्त उक्त सभी के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित होने से राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत उक्त प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार सिरोही भूमिधारी को पुनः मुल प्रस्ताव मय राजस्व रेकर्ड की प्रतियों के भेजकर ओदश दिये जाते है कि प्रस्तावानुसार वर्तमान जमाबंदी संवत जमाबंदी संवत् 2072–2075 खाता संख्या नया 117, खसरा नं. 16 रकबा 0.72 हैक्टेयर ओपा पुत्र वनाजी के स्थान पर ओबाराम पुत्र वनाजी पुरोहित की प्रविष्टि कर राजस्व रेकर्ड में दुरूस्ती कर जमाबंदी अपडेट कर पालना रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय को आवश्यक रूप से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Hansmukh Kumar
Date: 2021.08.10 14:58:35 IST
Reason: SelfAttested

लैण्ड रेकर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)
(उपखण्ड अधिकारी)
सिरोही (राज॰)